देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 27 जून, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### एक साल पहले क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने की मांग

**बागेश्वर, एजेंसी।** किरौली गांव में एक साल पहले मानसून काल में क्षतिग्रस्त सड़क की अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत, सिंचाई योजना का निर्माण कराने और लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। सोमवार को किरौली के ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर बताया कि गांव के लिए वर्ष 2019 में तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण किया गया था। पिछले साल मानसून काल में भूस्खलन होने से सड़क टूट गई थी। अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 50 परिवार निवास करते हैं। गांव में बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर तीन किमी दूरी पर लगा है। अक्सर लाइन टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। लो वोल्टेज की समस्या से भी लोग परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने गांव से करीब एक किमी की दूरी पर स्थित जलस्रोत से सिंचाई के लिए योजना का निर्माण करवाने की मांग की। इस मौके पर उप प्रधान प्रताप सिंह कोरंगा, गोपाल गिरी गोस्वामी, कविंद्र कठायत, नारायण गिरी आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने सीखीं संगीत की बारीकियां

**भिकियासैंण (अल्मोड़ा), एजेंसी।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय बासोट में सात दिनी गायन और वादन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं को गायन, वादन की बारीकियां सिखाई गईं। सोमवार को कार्यशाला के पहले दिन मुख्य प्रशिक्षक नंद किशोर उप्रेती, त्रिभुवन सिंह जलाल, मोहन चंद्र ग?ाकोटी, मीनाक्षी जलाल ने छात्र-छात्राओं को देशभक्ति गीतों पर हारमोनियम, तबला, ढोलक वाहन के गुर सिखाए। बीईओ डॉ. रवि रौतेला ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं में संगीत के प्रति रुचि पैदा होती है और उनकी प्रतिभा में निखार आता है। कहा कि संगीत में भी छात्र-छात्राएं बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इस मौके पर संयोजक कृपाल सिंह शीला, डॉ. सूरज सिंह नेगी, हर सिंह मनराल, हरीश खुल्बे, उदय किरौला, रमेश सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गैस एजेंसी के मैनेजर के खाते से 41 हजार रुपये निकाले

**रूड़की, एजेंसी।** गैस एजेंसी के मैनेजर के खाते से साइबर ठग ने 41 हजार रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आशंका है कि पीड़ित का व्हाट्सएप नंबर साइबर ठग ने हैक किया है क्योंकि उसके व्हाट्सएप नंबर से परिचितों को भी मैसेज भेजा गया है। गंगनहर कोतवाली पुलिस को एक गैस एजेंसी के मैनेजर निशिकांत शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि उसके फोन पर पीएम किसान योजना से संबंधित व्हाट्सएप मैसेज आया था। इसके बाद खाते से पहले तो 1200 गायब हुए। उसके बाद 40 हजार रुपये अलग से निकाले गए हैं। उन्होंने रामनगर चौक के पास स्थित बैंक के शाखा प्रबंधक के पास जाकर शिकायत की। शाखा प्रबंधक ने बताया कि यह रकम कई अन्य स्थानों पर ट्रांसफर की गई है। इसके बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस को उन्होंने बताया कि साइबर ठग ने व्हाट्सएप नंबर को हैक कर लिया है क्योंकि व्हाट्सएप नंबर से उनके परिचितों को भी योजना से संबंधित मैसेज भेजे जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि आशंका है कि पीड़ित ने ठग के भेजे लिंक पर क्लिक किया होगा जिससे रकम निकाली गई है। मामला साइबर सेल को भेज दिया गया है।ढ्ढ

### महिला की मौत से दहशत, जंगल में लगाया पिंजरा

**रूड़की, एजेंसी।** जानवर के हमले से ग्राम प्रधान की मौत के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट हो गई है। टीम ने जंगल में पिंजरा लगाया है। साथ ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। वहीं, महिला की मौत के बाद ग्रामीण दहशत में हैं और जंगल में जाने से कतरा रहे हैं। लिब्बरहेड़ी क्षेत्र के गांव कुरड़ी गांव में सोमवार शाम ग्राम प्रधान की पत्नी का शव खून से लथपथ मिला था। महिला के गले किसी जानवर के पंजे के निशान मिले थे। सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उधर, ग्रामीणों में चर्चा थी कि महिला पर गुलदार ने हमला किया है जिससे उसकी मौत हुई है। वहीं, गुलदार की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने गांव पहुंचकर जंगल में एक पिंजरा लगाया है। रेंजर विनय राठी ने बताया कि जंगल में गश्त भी बढ़ा दी है। ग्रामीणों से गुलदार या अन्य कोई जंगली जानवर दिखने पर सूचना देने की अपील की गई है।

# बारिश से डीएसए मैदान में जलभराव



**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल में मंगलवार को बारिश के चलते डीएसए मैदान और मालरोड में जलभराव हो गया। सुबह के समय चटख धूप खिलने से गर्मी और उमस महसूस हुई लेकिन दोपहर बाद बादल घिरना शुरू हो गए और शाम 3=30 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक हुई तेज बारिश के चलते पर्यटकों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। डीएसए मैदान में जल भराव की सूचना पर क्षेत्र में काम कर रहे ठेकेदार की ओर से नाले में लगे कूड़े को हटवाकर मैदान से पानी की निकासी कराई गई। मैदान खाली होने के बाद जेसीबी की मदद से जल भराव वाले क्षेत्र में मिट्टी और रेत भरी गई। इधर बारिश के चलते झील को भरपूर मात्रा में पानी मिला। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि नैनीताल में बारिश के मौसम के चलते प्रत्येक विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## बारिश में भी धरने पर डटे रहे लोग, मार्ग के सुधारीकरण की मांग को लेकर चल रहा प्रदर्शन



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा के पास रानीधारा मार्ग के सुधारीकरण की मांग पर स्थानीय लोग बारिश में भी धरने पर डटे रहे। उन्होंने कहा जब तक सड़क सुधारीकरण नहीं होता वे धरने से नहीं उठेंगे। रानीधारा मार्ग के सुधारीकरण की मांग पर स्थानीय लोग बारिश में भी धरने पर डटे रहे। उन्होंने कहा जब तक सड़क सुधारीकरण नहीं होता वे धरने से नहीं उठेंगे। रानीधारा सड़क के सुधारीकरण की मांग पर विनय किरौला के नेतृत्व में स्थानीय लोग दूसरे दिन भी धरने पर डटे रहे। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अधिकारियों के कई बार आश्वासन के बाद भी इस मार्ग की दशा में आज तक कोई सुधार नहीं हुआ है। सड़क पर जमा मलबा हल्की बारिश में भी उनके घरों में घुस रहा है। मानसून काल नजदीक है और वे डरे हुए हैं। चेतावनी देते हुए कहा सड़क सुधारीकरण होने तक वे पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर अनुपमा पंत, डॉ. सैयद अली हामिद, सुजीत टम्टा, मनीष वर्मा, संजय बिष्ट, अजय पांडे, ऊषा उप्रेती, मीनू पंत समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## नए साफ्टवेयर के कारण निगम में अटके 400 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**हल्द्वानी, एजेंसी।** केंद्र सरकार की ओर से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए बनाए गए पोर्टल/वेबसाइट में तकनीकी दिक्कत आ रही है। इस कारण जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के 400 आवेदन अटक गए हैं। वर्ष 2015 के बाद जारी हुए प्रमाण पत्रों में सुधार नहीं हो रहे हैं। नगर निगम ने उप निदेशक रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर पोर्टल/वेबसाइट की कमियों को दूर करवाने की मांग की है। नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में जन्म-मृत्यु पोर्टल में हुए अपडेशन के काम के बाद इसमें दिक्कतें आना शुरू हो गई हैं। तकनीकी दिक्कतों के कारण इनको स्थानीय स्तर पर सुधारा नहीं जा सकता है। दरअसल प्रमाण पत्र के फॉर्मेट अब तक पोर्टल में मान्य नहीं हो पाए हैं जिस कारण प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। वर्ष 2015 के बाद जारी प्रमाणपत्रों में सुधारीकरण का कार्य नहीं होने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने में 30-40 मिनट का समय लग रहा है। इस कारण सभी लोगों के प्रमाण पत्र एक दिन में जारी नहीं हो पा रहे हैं। हर दिन करीब 80-90 जन्म-मुत्यु प्रमाणपत्र के आवेदन नगर निगम में आते हैं। नगर निगम के रजिस्ट्रार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने पोर्टल के सरलीकरण और पूर्व में काम कर रहे सीआरएस पोर्टल से जारी वेबसाइट को दुरुस्त करने की मांग की है।

## अतिक्रमण रोकने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने लगाए चेतावनी बोर्ड

**हल्द्वानी, एजेंसी।** अतिक्रमण से तंग आ चुके राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एसटीएच के बाहर सड़क किनारे दस चेतावनी बोर्ड लगा दिए हैं। बोर्ड में अवैध गतिविधियां, व्यापार, वाहन पार्किंग, अतिक्रमण आदि करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसटीएच के मुख्य गेट से राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के मुख्य गेट और आईटीआई तिराहे से स्वामी राम कैंसर अस्पताल तक 1.702 हेक्टेयर वन भूमि पर मेडिकल कॉलेज का स्वामित्व है। इस मार्ग पर वाहन पार्किंग के अलावा फड़, ठेले आदि गतिविधियां होने से मरीजों को अस्पताल आने जाने में दिक्कत के साथ जाम से जूझना पड़ता है। हाल में नगर निगम ने एसटीएच के बाहर से अतिक्रमण भी हटाया था लेकिन फड़ कारोबारी फिर काबिज होने लगे हैं। इसे देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने एसटीएच से लेकर मेडिकल कॉलेज तक करीब दस चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि नियमों का



उल्लंघन करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तराखंड में बड़ा हादसा: 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हाथी की मौत, इस वजह से हुआ हादसा

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** दिनेशपुर में तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज से सटे जयनगर नंबर तीन में 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर हाथी की मौत हो गई। दिनेशपुर में तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज से सटे जयनगर नंबर तीन में 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर हाथी की मौत हो गई। नर हाथी की उम्र 8 से 10 साल बताई जा रही है। जंगल से खेतों में आए हाथी की पीठ बेहद नीचे से गुजर रही लाइन में छू गई और हाथी की मौत हो गई। सूचना पर ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लाइन को ऊंचा करने के लिए ऊर्जा निगम से कई बार कहा गया था। बताया जा रहा है कि हाथी भोजन पानी की तलाश में आबादी की ओर आया होगा और करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।



## कांग्रेस भारतीय लोकतंत्र के आपातकाल रूपी काले अध्याय की जननी: पासी



**हल्द्वानी, एजेंसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मंगलवार को आपातकाल की त्रासदी को काले दिवस के रूप में मनाया। एमबीपीजी कॉलेज सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता और पूर्व सांसद बलराज पासी ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस ने जो काला अध्याय दिया उसे आपातकाल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने लाखों कार्यकर्ताओं को बंदी बनाने के साथ कई कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी थी। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले श्रीधर कौशिक को सम्मानित किया गया। प्रदीप बिष्ट, राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, रंजन बर्गली आदि रहे।

### होटलों में अवैध कनेक्शन देना बंद नहीं हुए तो दर्ज होगा केस-महंत

**पौड़ी, एजेंसी।** लैंसडौन विधायक महंत दलीप रावत ने जल निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट के इस दौर में जनता जहां पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर निगम प्रशासन की ओर से होटलों को अवैध पेयजल कनेक्शन दिए गए हैं। कहा कि निगम प्रशासन इस लापरवाही पर जल्द रोक नहीं लगाता है तो जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए जल निगम की ओर से भैरवगढ़ी पेयजल योजना तैयार की गई है लेकिन लैंसडौन व जयहरीखाल क्षेत्र में योजना का समुचित लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। होटलों में अवैध कनेक्शन दिए जा रहे हैं।अभियंता मौ. मीसम ने कहा कि होटलों को अवैध तरीके से कनेक्शन देने को लेकर विभागीय स्तर पर मामला दिखवाया जाएगा।

## अल्मोड़ा डिपो को तीन माह में 80 लाख का नुकसान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** रोडवेज की चार बसों का तीन माह से संचालन ठप रहने से डिपो को 80 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। बसें वर्कशॉप में खड़ी हैं और यात्री टैक्सी में अधिक किराया देकर सफर करने के लिए मजबूर हैं। नगर के माल रोड स्थित रोडवेज स्टेशन से देहरादून, दिल्ली, चंडीगढ़, गुरुग्राम समेत विभिन्न मार्गों के लिए 14 बस सेवाओं का संचालन होता है। डिपो में चालकों के 23 पद रिक्त हैं। इससे टनकपुर, लमगड़ा-दिल्ली, बेतालघाट-दिल्ली, देहरादून सेवाओं का तीन माह से संचालन ठप है। इस रूट पर संचालित होने वाली बसें वर्कशॉप से बाहर नहीं निकलीं और इनके पहिए जाम होने से डिपो को अब तक 80 लाख रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। वहीं यात्री भी परेशान हैं। हर रोज यात्री रोडवेज स्टेशन पर इस रूट पर संचालित होने वाली बसों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन उन्हें मायूस होकर टैक्सी के सहारे सफर करना पड़ रहा है। कब तक चालकों की तैनाती होगी, कब बसों के पहिए घूमेंगे और कब यात्रियों को राहत मिलेगी, इसका जवाब डिपो के पास भी नहीं है। टनकपुर सेवा का संचालन न होने से दिक्कत झेलनी पड़ रही है। रोडवेज स्टेशन पर बस पहुंची ही नहीं। ऐसे में टैक्सी का इंतजाम करना पड़ा। शाम को देहरादून रूट पर यात्रियों की आवाजाही अधिक रहती है लेकिन बस का संचालन ठप है। इस वजह से यात्री परेशान हैं और टैक्सी में धक्के खा रहे हैं। चालकों के रिक्त पदों की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई है। चालक न होने से संचालन प्रभावित हो रहा है। चालकों की तैनाती के बाद ही बसों का संचालन संभव है।

## अस्पताल में भर्ती मिले मरीज, डॉक्टर नदारद, एक लाख का जुर्माना

**रूड़की, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को निजी अस्पतालों पर छापा मारा। इस दौरान दो अस्पतालों में मरीज भर्ती मिले लेकिन अस्पताल में न ही डॉक्टर मिले और न ही अन्य स्टाफ। इस पर टीम ने दोनों पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। पांच अस्पतालों को नोटिस दिया गया है। शहर से देहात तक कई अस्पताल मानकों को ताक पर रखकर चल रहे हैं। इन अस्पतालों में न ही संसाधन हैं और न ही पर्याप्त डॉक्टर। डॉक्टर हैं भी तो उनके पास वह डिग्री नहीं है जिसके आधार वह अस्पताल चला सकें। इन अस्पतालों की लगातार स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की जा रही थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को एसीएमओ डॉ. अनिल वर्मा ने टीम के साथ लंढौरा में छापा मारा। इस दौरान टीम ने दो अस्पतालों का निरीक्षण किया जिसमें मरीज तो भर्ती मिले लेकिन मौके पर डॉक्टर और कोई स्टाफ नहीं मिला। इसके अलावा पांच अन्य अस्पतालों का भी निरीक्षण किया गया।

## छह दिन से लापता लड़कियां मिली, दोनों को पुलिस ने मुजफ्फरनगर से किया बरामद

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी से लापता नाबालिक लड़कियों को पुलिस ने मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा से लापता हुई दो बेटियों का छह दिन बाद सुराग लग गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने दोनों नाबालिक लड़कियों को मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया है। छह दिन पहले बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से कक्षा नौ और 11वीं में पढ़ने वाली दो छात्राएं अचानक लापता हो गईं। आरोप है कि मोहल्ले के ही रहने वाले समुदाय विशेष का एक 16 वर्षीय किशोर दोनों को भगाकर ले गया है। इस प्रकरण में शुक्रवार को बनभूलपुरा थाने में लोगों ने हंगामा किया था। रविवार को चौथे दिन भी जब नाबालिग छात्राओं



का कोई सुराग नहीं लगा तो दोपहर 12 बजे भाजयुमो के जिलाध्यक्ष कार्तिक हर्बोला, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्हें कश्यप, भाजपा किसान मोर्चा के कमल मुनि, शिवसेना के रूपेंद्र नागर, गौ रक्षक दल के जोगेंद्र सिंह राणा और बजरंग दल के पदाधिकारी एसएसपी पीएन मीणा से मिलने पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंच गए। एसएसपी के नहीं मिलने पर लोग उन्हें बुलाने की मांग पर अड़ गए। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी समेत तमाम पुलिस अधिकारी उन्हें मनाने की कोशिश करते रहे। अधिकारियों ने बताया कि एसएसपी तुरंत नहीं आ सकते। इससे गुस्साए लोगों ने मौके पर पुलिस और एसएसपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही चेतावनी दी कि दोपहर साढ़े तीन बजे तक एसएसपी नहीं आते तो वह उनका पुतला फूंकेंगे। शाम पांच बजे एसएसपी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जल्द ही दोनों नाबालिग छात्राओं की बरामदगी का आश्वासन दिया। जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने धरना समाप्त किया।

### बनभूलपुरा से एक लड़की लापता; 45 हजार रुपये ले गई

हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता हुई दो छात्राओं की बरामदगी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली ही थी कि इसी बीच इसी थाना क्षेत्र से एक और बिटिया लापता हो गई। हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता हुई दो छात्राओं की बरामदगी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली ही थी कि इसी बीच इसी थाना क्षेत्र से एक और बिटिया लापता हो गई। पांच दिन पहले लापता हुई किशोरी के मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। एक और मामला आने के बाद पुलिस के सामने किशोरी को सकुशल बरामद करने की चुनौती है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी को सौंपी तहरीर में कहा कि उनकी पुत्री 20 जून को दोपहर तीन बजे घर से बगैर बताए कहीं चली गई। देर शाम तक नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने मूल मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश और हाल निवासी इंदिरानगर नूरी मस्जिद बनभूलपुरा निवासी युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे 45 हजार रुपये और अन्य सामान भी साथ ले गई है। पुलिस को यह तहरीर ऐसे वक्त पर मिली है जब पिछले कई दिनों से लापता दो नाबालिग की पुलिस बमुश्किल बरामदगी कर पाई थी।

# कोर्ट में रंगे हाथ झूठ बोलते पकड़ी गई सीबीआई, जज ने उसके दावे को फर्जी बता किया खारिज- जस्मीन शाह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने सीबीआई द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर कोर्ट में झूठा दावा करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि भाजपा की सीबीआई कोर्ट में झूठ बोलते हुए रंगे हाथ पकड़ी गई। उसने कोर्ट में झूठा दावा कि सीएम केजरीवाल ने सारा दोष मनीष सिसोदिया पर डालकर केस से अपना पल्ला झाड़ लिया है। उसके इस दावे का केजरीवाल ने तुरंत विरोध किया और जज साहब से कहा कि सीबीआई सरासर झूठ बोल रही है। मैंने कभी ऐसा बयान नहीं दिया है और अगर दिया है तो सीबीआई कोर्ट को दिखाए। मैं, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी पूरी तरह से निर्दोष हैं। इसके बाद जज साहब ने खुद मुख्यमंत्री दर्ज बयान पढ़ा और साफ कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, सीबीआई का दावा पूरी तरह झूठा है। उसे दावे और प्रमाण में कोई तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा के इशारे पर सीबीआई ने केवल मीडिया में सनसनी फैलाने के लिए कोर्ट में झूठ बोला। ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल सिर्फ आप नेताओं की छवि खराब करने के लिए किया जा रहा है।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। सीबीआई कोर्ट के सामने झूठ बोलते हुए पकड़ी गई है। पहली बार जज ने माना कि सीबीआई के आरोप और प्रमाण में कोई तालमेल नहीं है। पिछले 2 साल से शराब घोटाले की जांच चल रही है और आम आदमी पार्टी ने बार-बार कहा है कि यह केस फर्जी है। सीबीआई और ईडी ने भाजपा के इशारे पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करने के लिए यह फर्जी केस तैयार किया है। हमने बार-बार बताया कि कैसे ईडी फर्जी गवाहों के आधार पर चार्जशीट फाइल कर रही है और आप के नेताओं को जेल में डाल रही है। जस्मीन शाह ने कहा कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने इस मामले से पल्ला झाड़ लिया है और सारा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है। अरविंद केजरीवाल ने जज साहब से कहा कि सीबीआई झूठ बोल रही है और मैंने कभी ऐसा बयान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया, मैं और पूरी आम आदमी पार्टी निर्दोष हैं। उन्होंने सीबीआई को चैलेंज दिया कि उनका वो बयान दिखाए, जिसमें उन्होंने ये बात कही थी। जज साहब ने उनके बयान की जांच की और साफ कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, सीबीआई पूरी तरह से झूठ बोल रही है। आज सीबीआई कोर्ट में राजनीतिक बयानबाजी करते पकड़ी गई। अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में सीबीआई की मंशा उजागर की। उन्होंने कहा कि सीबीआई चाहती थी कि अरविंद केजरीवाल ऐसा बयान दे दें जिससे मीडिया में सनसनी बन जाए। जज ने भी सीबीआई के दावे को गलत पाया। जस्मीन शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने बार-बार कहा है कि भाजपा के राज में ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल केवल मीडिया में सनसनी फैलाने के लिए हो रहा है। इसका इस्तेमाल अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी की छवि बिगाड़ने के लिए किया जा रहा है। आज यह बात कोर्ट में सच साबित हो गई। हमने शुरू से कहा है कि यह पूरा मामला फर्जी है। भाजपा के आदेश पर सीबीआई और ईडी अपने मन से कोई भी तर्क लिख देती है। आज भी जब सीबीआई के वकील ने कहा कि अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया को दोषी ठहरा रहे हैं, तो साफ पता चल रहा है कि यह भाजपा के प्रवक्ताओं के शब्द हैं। लेकिन जब कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल का बयान पढ़ा तो यह माना कि सीबीआई झूठ बोल रही है। आज ये लोग पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। सीबीआई और ईडी केवल भाजपा का राजनीतिक भोंपू बनकर रह गए हैं। यह सच्चाई देश के सामने आ गई है। मीडिया के प्रश्नों का जवाब देते हुए जस्मीन शाह ने कहा कि अब यह विषय न्याय का नहीं रह गया है, बल्कि यह राजनीतिक रंग ले चुका है। अरविंद केजरीवाल के पीछे ईडी, सीबीआई समेत देश की तमाम जांच एजेंसियों को लगा दिया गया है। जब उन्हें ट्रायल कोर्ट में बेल मिल जाती है तो ये लोग हाई कोर्ट पहुंच जाते हैं। कोर्ट का आदेश आए बिना अरविंद केजरीवाल की जमानत पर रोक लगा दी जाती है। अप्रैल 2023 में सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल से 9 घंटे की पूछताछ की थी। इसके बाद जून 2024 तक सीबीआई इस मामले पर चुप बैठी रही, लेकिन जब उसे पता चला कि ईडी के मामले में ट्रायल कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी, तो सीबीआई अपनी नींद से जाग गई। उन्हें लगा कि अरविंद केजरीवाल को ऐसे कैसे बेल मिल सकती है। इसलिए उसने तुरंत अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया। यह भाजपा की बौखलाहट दिखाता है। इससे पता चलता है कि ये लोग अरविंद केजरीवाल से कितनी नफरत करते हैं और उनसे कितना डरते हैं। इसलिए वो नहीं चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल को न्याय मिले। ये लोग एक के बाद एक फर्जी केस डालकर उन्हें फंसा रहे हैं। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। हमें देश के संविधान में विश्वास है। भले ही इसके लिए हमें कष्ट सहना पड़े, हमारे नेताओं को कुछ महीने और जेल में रहना पड़े, लेकिन न्याय जरूर होगा।

# सकरनी ग्रुप ने शाही अंदाज में किया सकरनी के बादशाहों का सम्मान




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जैसे दिल्ली को देश की राजधानी कहा जाता है वैसे ही दिल्ली को विभिन्न संस्कृतियों की राजधानी भी कहा जा सकता है क्योंकि यहाँ पर विभिन्न प्रकार के संस्कृतियों के रंग देखने को मिलते है। दिल्ली की पहचान केवल कहने के लिए नहीं है बल्कि यहाँ का आर्किटेक्चर, यहाँ के लोग, उनका मिजाज, उनकी बोली सभी शाही है। दिल्ली में विभिन्न संस्कृतियाँ जिस तरह से मजबूती से जुड़ी हुई है, उसी तरह दिल्ली वासियों के दिलों पर मजबूती से राज कर रही है सकरनी। हाल ही में दिल्ली क्षेत्र में सकरनी ग्रुप ने सकरनी के बादशाह का आगाज बेहद शाही अंदाज में किया। 150+ संख्या में शामिल हुए, सकरनी कॉन्ट्रैक्टर्स के बीच सकरनी चेयरमैन डॉ. अशोक गुप्ता जी ने ग्रैंड एंट्री ली। पॉजिटिविटी बिखेरने के लिए सकरनी चेयरमैन डॉ अशोक गुप्ता जी, श्री मोहित गुप्ता ( उ&ऋ ईस्ट दिल्ली) व अन्य वरिष्ठ सकरनी ऑफिसर्स ने द्वीप प्रज्वलित करके समारोह का शानदार शुभारंभ किया। इस द्वीप प्रज्वलन का हिस्सा बनने और इवेंट को प्रकाशमय करने के लिए, उपस्थित कॉन्ट्रैक्टर्स ने मिलकर मोबाइल की टॉर्च से पूरे माहौल को जगमगा दिया। भव्य कार्यक्रम में मौजूद कॉन्ट्रैक्टर्स को स्पेशल महसूस करवाने के लिए डॉ अशोक गुप्ता जी ने उनकाअभिषेक किया, जिसके लिए उन्हें शाही सिंहासन पर बैठाकर, तिलक एवं मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।

सकरनी बादशाहों को प्रोत्साहित करने के लिए, एक नॉलेज शेयरिंग सेशन भी रखा गया, जिसमें सकरनी के हर प्रोडक्ट्स की विस्तार पूर्वक समझाया गया और कॉन्ट्रैक्टर्स ने सकरनी प्राइम प्रोडक्ट्स को समझने की उत्सुकता भी दिखाई। सकरनी चेयरमैन ने कार्यक्रम में मोटिवेशनल सेशन दिया, अपना 45+ सालों का एक्सपीरियंस और सफलता का सीक्रेट से लेकर बिजनेस ग्रोथ के टिप्स तक शेयर किए। सकरनी ग्रुप ने एहसास जताया कि राजधानी में सकरनी की मार्केट को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान सकरनी के बादशाहों का है। कार्यक्रम में शाही अंदाज में ह्यआपसे हैं हमह्व की खूबसूरत पंक्तियों के माध्यम से सकरनी कॉन्ट्रैक्टर्स को एक स्पेशल धन्यवाद दिया। इस शानदार समारोह में उपस्थित कॉन्ट्रैक्टर्स, सकरनी प्रोडक्ट्स गैलरी से बेहद प्रभावित दिखे। शाही इवेंट के अंत में सभी के लिए एक सकरनी प्रोडक्ट्स से संबंधित क्विज शो भी हुआ, जिसमें विजेताओं को ब्रांडेड इयरफोन प्रदान किए गए।

# पूरा तंत्र सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा कि केजरीवाल को जमानत न मिले, यह तानाशाही है: सुनीता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि उनके पति जेल से बाहर न आ सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केजरीवाल को सीबीआई द्वारा फर्जी मामलेह्व में गिरफ्तार कराए जाने का आरोप लगाया। सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में बुधवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और पांच-दिन की हिरासत मांगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में सुनीता ने कहा कि उनके पति को 20 जून को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत मिल गई थी, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुरंत उस पर स्थगन आदेश ले लिया।

उन्होंने पोस्ट में कहा, अगले ही दिन सीबीआई ने उन्हें आरोपी बना दिया और आज उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि वह आदमी (केजरीवाल) जेल से बाहर न आएं।



यह कानून नहीं है। यह तानाशाही है, यह आपातकाल है। आप ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की।

आप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तानाशाह ने जुल्म की सारी हदें पार कर दी है। आज जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने की पूरी संभावना थी तो बौखलाहट में भाजपा ने फर्जी मामले में सीबीआई से केजरीवाल को गिरफ्तार करवा दिया। इसने कहा, सीबीआई केजरीवाल जी को राउज एवेन्यू अदालत लेकर पहुंची, जहां रक्त में उनका शर्करा स्तर बहुत नीचे गिर गया। तानाशाह, तुम कितने भी जुल्म ढहा लो, केजरीवाल न झुकेगा और न ही टूटेगा। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि इससे बड़ा कोई आपातकाल नहीं हो सकता। राउज एवेन्यू अदालत के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में सिंह ने कहा, ह्यह्यकेजरीवाल न तो आतंकवादी हैं और न ही अपराधी। सीबीआई ने चार आरोपपत्र दाखिल किए, लेकिन केजरीवाल का कोई जिक्र नहीं था। उन्हें केजरीवाल की याद तब आती है, जब वह रिहा होने वाले होते हैं। पूरा देश जानता है कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री और भाजपा से कहना चाहता हूं कि आपने आपातकाल लगा दिया है। आप हमें सरेआम गोली मार सकते हैं, पूरा देश आपका गंदा खेल देख रहा है। सिंह ने कहा कि कुछ समाचार चैनल यह दावा कर रहे हैं कि केजरीवाल ने सारा दोष पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है। उन्होंने कहा, हमारे वकीलों और केजरीवाल ने अदालत में इसका विरोध किया। न्यायाधीश ने केजरीवाल का बयान पढ़ा और माना कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। केजरीवाल दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले के सिलसिले में एक अप्रैल से जेल में हैं। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। उच्चतम न्यायालय ने 10 मई को लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते केजरीवाल को 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। वह दो जून को जेल लौटे थे। दिल्ली के उपराज्यपाल ने आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इसकी जांच कराने का आदेश दिया था जिसके बाद इस नीति को जुलाई 2022 में रद्द कर दिया गया था।

# कोर्ट में पेशी के दौरान केजरीवाल की बिगड़ी तबीयत, शुगर लेवल हुआ डाउन



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कोर्ट में पेशी के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने इस बारे में अपने साथ मौजूद पुलिसकर्मियों को जानकारी दी कि उन्हें कमजोरी महसूस हो रही है, जिसके बाद उन्हें एक कमरे में ले जाया गया, जहां उन्हें चाय और बिस्कुट दी गई। इससे पहले भी केजरीवाल अपनी खराब तबीयत का हवाला देकर कानूनी राहत की मांग कर चुके हैं। बीते दिनों जमानत पर बाहर आए केजरीवाल ने अपने एक संबोधन में कहा था कि वो कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिस पर बीजेपी नेता वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि केजरीवाल बहाना बना रहे हैं। अगर उन्हें सच में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, तो मेरे पास आएं, मैं खुद उन्हें अस्पताल ले जाऊंगा, और उनका सभी मेडिकल टेस्ट कराऊंगा। बुधवार सुबह सीबीआई ने उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की राजनीति में हलचल तेज हो गई। उनकी गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर निशाना साधा। बीजेपी ने कहा कि सीबीआई अपना काम कर रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई कांग्रेस की शिकायत पर की है। दरअसल, 2022 में कांग्रेस ने केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसे देखते हुए अब मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। अब सीबीआई केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग कर रही है। पहले से ही ईडी की हिरासत में रह रहे केजरीवाल अगर सीबीआई की हिरासत में भी जाते हैं, तो निसंदेह यह उनके लिए दोहरा झटका होगा।

तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किए जाने के बाद सीबीआई ने केजरीवाल को राउज एवेन्यू की अमिताभ रावत की कोर्ट में पेश किया। केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुख्य कारण यह है कि जिस कैबिनेट ने शराब नीति को मंजूरी दी थी, केजरीवाल उसका हिस्सा थे। जांच एजेंसी का आरोप है कि रिश्वत लेने के बाद हितधारकों के मुताबिक शराब नीति में संशोधन किए गए, जिसमें केजरीवाल की अहम भूमिका रही। थोक विक्रेताओं के लाभ को 5 फीसद से बढ़ाकर 12 फीसद कर दिया गया। वहीं केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी सीबीआई के इस कदम का विरोध किया है।

# खुद को बचाने के लिए दिल्ली में छुपकर बैठा था दरभंगा दंगे का आरोपी, क्राइम ब्रांच ने मोती बाग से किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पुलसि की क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज की टीम ने एक ऐसे वांटेड अपराधी को गरिफ्तार कयिा है जो बिहार के दरभंगा जलिे के वाजिदपुर के 2021 के दंगे और हत्या के एक मामले में फरार था। वह बहिार पुलसि की पकड़ से बचने के लएि दल्लिी में छुपा हुआ था। जानकारी के मुताबिक यहां एक राजनीतकि लोकल लीडर के साथ जुड़कर आरोपी कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा था। क्राइम ब्रांच की तरफ से गरिफ्तार कएि गए आरोपी की पहचान मोहम्मकद आफताब (32) के रूप में हुई है। उसके कब्जेर से एक बाइक भी बरामद की गई है। इस बाइक चोरी की शिकायत नबी करीम थाने में दर्ज है।

अतरिक्तिइ आयुक्तश (क्राइम) संजय भाटयिा के मुताबकि एसआई सुभाष चंद को दरभंगा जलिा अंतर्गत मणि गाछी पुलसि थाने में दर्ज दंगे और हत्या के मामले में वांछित आरोपी के दिल्ली में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना को लेकर एसएचओ/पीएस मणि गाछी, वाजिदपुर (दरभंगा, बिहार) के



साथ विकसित कयिा गया और पुख्ता करने का काम कयिा गया। इसके बाद दल्लिीी पुलसि ने आरोपी की गतवर्धिि पर मलि इनपुट के आधार पर डीसीपी/क्राइम आईपीएस राकेश पावरिया के समग्र पर्यवेक्षण और एसीपी/सेंट्रल रेंज पंकज अरोड़ा की करीबी निगरानी में एसआई सुभाष चंद के नेतृत्व में टीम का गठन कयिा गया। टीम ने आरोपी की धरपकड़ के लिए अभियान को तेज किया। मोती बाग इलाके से हुई गिरफ्तारी जानकारी के अनुसार टीम ने मोती बाग रोड माता मंदिर के पास जाल बिछाया। इस दौरान मुखबिर ने मोती बाग फ्लाईओवर की ओर से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया जो बिना रजिस्ट्रेशन वाली मोटर साइकिल पर सवार था। उसने अपनी मोटरसाइकिल रोकने की बजाय स्पीजड को बढ़ा दयिा और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और जबरन रोक लयिा। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान मोहम्मद आफताब, दरभंगा (बहिार) के रूप में बताई। उसने बताया कि वह वाजदिपुर (दरभंगा, बहिार) के जून 2021 के दंगों व हत्याि के मामले में खुद को बचाने के लएि दल्लिीर में छुपा हुआ था।

ये मामला एक ही समुदाय के लोगों के दो गुटों के बीच कुछ छोटी-छोटी बातों को लेकर हुए झगड़े का था, जिसमें एक शख्सु की मौत हो गई थी जिसके चलते शुरूआत में हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया और आगे इस मामले में दंगे की धारा समेत अन्य धाराएं भी शामिल की गईं। पुलिस के मुताबिक मोहम्म द आफताब इस मामले में मुख्य आरोपी है जिसने मृतक के साथ मारपीट की थी। उक्त मामले में 13 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के बाद वह दिल्ली आ गया था और बाद में एक लोकल लीडर के साथ जुड़कर राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने लगा।

# मंगोलपुरी में धार्मिक स्थल के पास अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही के बाद माहौल सामान्य

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी में खराब हुए माहौल के बाद बुधवार को वाई ब्लॉक स्थित धार्मिक स्थल के आसपास स्थिति सामान्य रही। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस का कहना है कि स्थिति तनावपूर्ण ना बने उसके लिए अतिरिक्त बल को रिजर्व रखा गया है। ताकि समय पड़ने पर किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी में मंगलवार को धार्मिक स्थल के पास अतिक्रमण के खिलाफ एमसीडी की टीम कार्यवाही करने पहुंची थी। इस कार्यवाही के दौरान विशेष समुदाय के लोग थोड़ा उग्र भी हो गए थे। हालांकि उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस ने हालात को जरूर संभाला। इसके बाद अगले दिन बुधवार को धार्मिक स्थल के पास शांति का माहौल देखने को मिला।

इस बाबत बाहरी दिल्ली पुलिस के एडिशनल डीसीपी अमित वर्मा ने बताया कि माहौल सामान्य है। फिलहाल तनाव की स्थिति नहीं है। इसके बावजूद स्थिति तनावपूर्ण और हिंसक ना हो उसके लिए पुलिस की



तरफ से विशेष इंतजाम किए गए हैं। हमने स्थिति को ध्यान में रखते पुलिस फोर्स को रिजर्व रखा है, ताकि अगर कोई तनावपूर्ण माहौल बनता है तो उस स्थिति से निपटा जा सके।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी में वाई ब्लॉक में म्यूनिसिपल पार्क में अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही के लिए एमसीडी की टीम पहुंची थी। इस दौरान एमसीडी के साथ दिल्ली पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात रहे। यह पहल धार्मिक स्थल के पास बने अतिक्रमणों को हटाने के लिए की गई थी। एमसीडी की इस कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों का उग्र रूप भी देखने को मिला था, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद संभाला।

# एक क्लिक पर छात्रों के स्वास्थ्य का ब्यौरा मिलेगा

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा (स्वास्थ्य) ने सर्कुलर जारी कर छात्रों के स्वास्थ्य जांच की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हेल्थ कार्ड में छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की स्थिति दर्ज की जाएगी। इससे अब छात्रों को एक क्लिक पर अपने स्वास्थ्य का ब्यौरा मिल सकेगा। सर्कुलर के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के चिकित्सकों द्वारा स्कूलों में छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की गई थी। उसका ब्यौरा ऑनलाइन दर्ज करने के लिए छात्रों के लॉग इन लिंक को सक्रिय कर दिया गया है। सभी स्कूलों को मौजूदा छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इससे छात्रों के स्वास्थ्य की प्रगति के बारे में जान सकेंगे। साथ ही भविष्य के लिए कार्य योजना तैयार करेंगे। बता दें कि, वर्ष 2022 में दिल्ली के 20 सरकारी स्कूलों में हेल्थ क्लीनिक की शुरूआत की गई थी। छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की सुविधा के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग ने मिलकर छात्रों के लिए यह कदम उठाया था। इन क्लीनिक में एक मनोवैज्ञानिक, एक नर्स, क्लीनिक सहायक, एक मल्टी टास्क कर्मी उपलब्ध हैं।

# अस्पताल में भर्ती आतिशी से मिलने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

नई दिल्ली। समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार सुबह दिल्ली की मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी से यहां एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की। दिल्ली जल संकट और हरियाणा से पानी की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन के दौरान आतिशी की तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार देर रात उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सपा प्रमुख ने अस्पताल में आतिशी से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्रियों की तकलीफ बढ़ गई है। उन्होंने कहा, मैं खुद मुख्यमंत्री रह चुका हूं, इसलिए एक मुख्यमंत्री की तकलीफ समझता हूं।ह्व उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सबसे ज्यादा भेदभाव दिल्ली सरकार के साथ, और खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब सीएम केजरीवाल को हर जगह से राहत मिलनी शुरू हो गई तो नया मुकदमा लगाकर उनको फंसा दिया गया। उन्होंने कहा, सीबीआई के लोग लगातार उन लोगों को फंसाते हैं जिनसे भाजपा को खतरा है। राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर आतिशी ने अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया था। लेकिन चार दिन बाद उनकी तबीयत खराब होने की वजह से मंगलवार देर रात उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। आम आदमी पार्टी ने अनशन फिलहाल स्थगित कर दिया है।

# चोरी की पांच बाइक के साथ बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली की एएटीएस ने सोमवार को एक कुख्यात वाहन चोर को चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ दबोचा है। आरोपी की पहचान मोहम्मद जाकी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि 24 जून को जिले की एएटीएस टीम इंचार्ज को एक वाहन चोर के आने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने सुदामा पुरी स्थित सामुदायिक भवन के पास आरोपी को एक मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की चार अन्य मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई।

# 10 लाख से ज्यादा की ठगी करने वाले तीन धरे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्वारका जिले की साइबर पुलिस ने 10.3 लाख रुपये की ठगी में तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी टेलीग्राम के जरिए लोगों से संपर्क कर उन्हें निवेश से ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इनमें से एक आरोपी मुख्य रूप से सिम कार्ड बेचने का काम करता था, लेकिन ज्यादा कमाई के लिए फर्जी बैंक खाते खोलकर उन्हें 30 प्रतिशत की कमीशन पर ठगों को बेचने के काम में लग गया। इनकी पहचान विपिन कुमार, मोहित शर्मा और समर्थ डाबर के रूप में हुई। पहले विपिन को पकड़ा गया और बाद में इसकी निशानदेही पर 22 जून को अन्य दो को दबोच लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24 अप्रैल को द्वारका साइबर थाने में 10.3 लाख की जालसाजी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता महिला रेखा शर्मा ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उन्हें ज्यादा मुनाफा का लालच देकर अपना शिकार बनाया और रुपये ठग लिए। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी और सीडीआर निकाली। इसके आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में विपिन ने बताया कि वह आजादपुर टर्मिनल पर सिम कार्ड बेचने का काम करता था। वहां उसकी मुलाकात मोहित शर्मा और समर्थ डाबर से हुई। इन्होंने विपिन से कई सिम खरीदे। कुछ महीनों बाद ज्यादा कमाई का लालच देकर मोहित और समर्थ ने उसे फर्जी बैंक खाता खोलकर कमीशन पर बेचने को कहा और एक बैंक के तिलक नगर शाखा में खाता खुलवा दिया। इसके बाद इसने खाता आरोपियों की मदद से टेलीग्राम पर बेच दिया था।

# दुनिया में छाया दिल्ली का लाल: कर दिखाया कुछ ऐसा, गर्व से पिता का सीना हुआ चौड़ा; आप भी करेंगे रितेश के जज्बे को सलाम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में मजनू के टीले इलाके को ड्रग्स हब के रूप में जाना जाता है। यहां के अधिकतर युवा नशे की लत में लिप्त रहते हैं। लेकिन यहां एक ऐसा भी लड़का रहता है, जो अपने जज्बे, जुनून और कामयाबी की जिद के दम पर विश्वभर में भारत का नाम रोशन कर रहा है।

रितेश ने अपने नाम किया श्रेष्ठ लिफ्टर का खिताब

बता दें कि हाल ही में जर्मनी के श्वेट्जिंगन में आयोजित आईपीएल यूरोपियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रितेश डोगरा ने स्वर्णिम प्रदर्शन कर श्रेष्ठ लिफ्टर का खिताब अपने नाम किया। 87 किलो भार वर्ग फुल पावरलिफ्टिंग में रितेश ने कुल 760 किलो भार उठाते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी स्पर्धा में अमेरिका के जस्टिन 740 किलो और जर्मनी के रवाड 737.5 किलो भार उठाकर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर




रहे। बता दें कि चैंपियनशिप में भारत, जर्मनी, फ्रांस, इटली, अमेरिका, इंग्लैंड, आयरलैंड, व ग्रीस से 121 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

रितेश के पिता चलाते हैं किराने की दुकान

रितेश अपने पिता हेमराज डोगरा और मां संतोष डोगरा के साथ मजनू का टीला कॉलोनी के एच-ब्लाक में रहते हैं। उनके पिता किराने की दुकान चलाते हैं और मां गृहिणी हैं। इसी क्रम में गांव ताजपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने फुल पावरलिफ्टिंग रा मास्टर में कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। सुरेंद्र ने 665 किलो भार उठाया। जर्मनी के मिशेल 650 किलो दूसरे और जर्मनी के ही ल्यूकास 645 किलो भार उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन के शिष्य हैं तीनों

वहीं मुखर्जी नगर निवासी फुल पावरलिफ्टिंग ओपन रा में प्रभजीत बख्शी ने दो स्वर्ण और एक रजत जीता। प्रभजीत ने कुल 690 किलो भार उठाया। दूसरे स्थान पर सुरेंद्र सिंह ने 665 किलो भार उठाया और तीसरे स्थान पर ग्रीस के चारिडिमास ने कुल 655 किलो भार उठाया। बता दें कि यह तीनों ही द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन के शिष्य हैं।

रितेश की उपलब्धियां

- वर्ष 2023 में फ्लोरिडा स्थित आरलैंडो में प्रो ओलिंपिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण और एक रजत
- वर्ष 2014 में आगरा में जूनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक
- वर्ष 2015 में सीनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण
- साल 2015 के अंत में ओपन अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण के रूप में पहला अंतरराष्ट्रीय पदक
- साल 2017 में विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक

रितेश डोगरा, सुरेंद्र सिंह, प्रभजीत बख्शी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजधानी व देश का नाम रोशन किया है। सुरेंद्र दो बार के मिस्टर इंडिया का खिताब भी जीत चुके हैं। खेल के इस क्षेत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों से बहुत आशाएं हैं। - भूपेंद्र धवन, द्रोणाचार्य अवार्डी

# दयालपुर महिला हत्याकांड का तीसरा आरोपी जयपुर से गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने बताया लूट के इरादे से की गई थी हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल साउथ वेस्टर्न रेंज की टीम ने दयालपुर इलाके में बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्याकांड मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी धरदबोच लिया है। साल 2020 के इस मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी की पहचान अशोक कुमार (42) के रूप में की गई है जिसको जयपुर (राजस्थान) के शास्त्री नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अशोक कुमार मूल रूप से आगरा के एत्मादपुर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक यह हत्यु लूटपाट के मकसद से की गई थी। पहले से गरिफ्तार दो आरोपियों का रशितु आरोपी अशोक कुमार के साथ मामा-भांजे का है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल साउथ वेस्टर्न रेंज के डीसीपी मनोज सी. के मुताबिक इस मामले में पुलिस टीम आरोपी के भांजे कमल और कमल के बेटे को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जोकि जेल में हैं। गिरफ्तार आरोपी अशोक कुमार इस जघन्या हत्याकांड मामले में लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था और बार-बार यूपी और राजस्था न में अपने ठिकानों को बदल रहा था। ताकि पुलिस को उसके ठकिानों का पता नहीं चल सके। आरोपी अशोक को जुलाई 2023 में जमानत मलिी थी जसिके बाद से वह फरार चल रहा था। इसके बाद उसको दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दयिा था। स्पेडशल सेल की टीम को आरोपी के जयपुर के शास्त्री नगर इलाके में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद इंस्पेक्टर अनुज कुमार त्यागी के दिशा निर्देशों में सब इंस्पेक्टर लवी तोमर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचना को पुख्ता किया। उसने आरोपी अशोक के ठकिानों का पता लगाने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कई जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान मुखबरि से गुप्ति सूचना मलिी कि आरोपी जयपुर, राजस्थान में छिपा हुआ है। उसको पकड़ने के लिए एक टीम को जयपुर रवाना कयिा गया। 24 जून को पता चला कि वह जयपुर के शास्त्री नगर में छिपा हुआ है और जयपुर छोड़ने वाला है। उसके जयपुर छोड़ने से पहले ही टीम ने उसके ठकिानों पर छापेमारी कर दी और उसकी तलाश की। इस दौरान टीम को आरोपी अशोक शास्त्री नगर की नेपाली गली पुरोहित मार्ग पर घूमता मलिा और उसको टीम ने मौके से दबोच लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। लूटपाट के इरादे से की गई थी महिला की हत्या आरोपी अशोक कुमार से पुलसि पूछताछ में पता चला कि उसने अपने साथी आरोपी बादल व कमल के साथ मिलकर लूटपाट करने के मकसद से दयालपुर थाना अंतर्गत इलाके में एक वृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या की थी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 27 जून, 2024

## एलएनजेपी में भर्ती जलमंत्री आतिशी से मिले अखिलेश यादव और वृंदा करात, जाना स्वास्थ्य

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

पानी सत्याग्रह के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती जल मंत्री आतिशी से बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सीपीआई (एम) की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अस्पताल में भर्ती आतिशी का हालचाल जाना। अखिलेश यादव ने कहा कि जलमंत्री आतिशी बहुत बहादुर हैं और लड़ना जानती हैं। वो हमेशा दिल्ली की जनता के लिए लड़ती रही हैं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने हमेशा विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों के साथ भेदभाव किया है। खासकर सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है। अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आने ही वाले थे, लेकिन उनको फिर से फर्जी मामले में फंसा दिया गया है, ताकि बाहर न आ सकें और जनता के बीच न जा सकें। उधर, वृंदा करात ने कहा कि केंद्र सरकार और एलजी अपना दायित्व निभाने की जगह दिल्लीवालों के पानी के साथ भेदभाव की नीति अपना रहे हैं। आतिशी के अनशन से उनको जरा भी फर्क नहीं पड़ा है, जबकि यह उनकी नहीं, दिल्ली की जनता की लड़ाई है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद



संजय सिंह, सपा के सांसद लालजी वर्मा, राजीव राय और आनंद भदौरिया समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने अस्पताल जाकर जलमंत्री आतिशी से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आतिशी बहुत बहादुर हैं और अपनी जनता के लिए लड़ना भी जानती हैं। जलमंत्री के साथ-साथ वो दिल्ली के लोगों की समस्याओं का कैसे समाधान करें, उसके लिए लगातार लड़ती रही हैं। जिस समय केंद्र में भाजपा की सरकार बनी थी और भाजपा के सांसद ने कहा था कि मैं मुख्यमंत्री रहा हूं और मुख्यमंत्री की तकलीफ व परेशानियों को जानता हूं। लेकिन जबसे दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों की परेशानियां बढ़ी हैं। दिल्ली की केंद्र सरकार जो मदद मिलनी चाहिए, वो मदद भी नहीं मिली। केंद्र सरकार ने लगातार विपक्षी दलों की सरकारों के साथ भेदभाव किया है। केंद्र सरकार ने सबसे ज्यादा भेदभाव दिल्ली की केजरीवाल सरकार के साथ किया है। खासकर अरविंद केजरीवाल केजरीवाल के साथ सबसे ज्यादा भेदभाव किया है।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है। वो दिल्ली की जनता के लिए काम करना चाहते हैं। दिल्लीवालों को स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे बेहतर दी। दिल्ली में अच्छी शिक्षा समेत अन्य सुविधाएं कैसे मिले, उस पर काम करना चाहते हैं। दूसरी तरफ, केंद्र सरकार लगातार दिल्ली सरकार के कामों में रोड़ा अटका रही है और तमाम तरह से तकलीफ और परेशानी पहुंचा रही है। जब अरविंद केजरीवाल को हर जगह से राहत मिलने लगी और वो अब तक जेल से बाहर आते। केंद्र सरकार की जानकारी में भी होगा कि अरविंद केजरीवाल बाहर निकल आएंगे। अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर निकल न पाएं, जनता के बीच न पहुंच पाएं, सरकार ठीक से न चला पाएं, इसलिए उन पर फिर न जाने कौन सा मुकदमा लगाकर फंसा दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सीबीआई के लोग कोई पहली बार लोगों को नहीं फंसा रहे हैं। ये लगातार लोगों को फंसाते आ रहे हैं। भाजपा वाले सीबीआई के जरिए उनको फंसाते हैं, जिनसे इनको खतरा है। सीबीआई का इस्तेमाल होना, दिल्ली की संस्थाओं होना नई बात नहीं है। इसी का परिणाम रहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ जनता ने मतदान किया। सौभाग्य से ये लोग सत्ता से जाते-जाते बच गए, वरना भाजपा का केंद्र सरकार में सफाया हो गया होता। उधर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने भी एलएनजेपी अस्पताल जाकर जलमंत्री आतिशी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आतिशी दिल्ली की जनता के लिए बहुत बहादुरी के साथ लड़ रही हैं।

## पश्चिम विहार में लूटा, निहाल विहार से दबोचा गया



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

बाहरी जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दो लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जोगिंदर उर्फ तोतला और पवन उर्फ निफू के रूप में हुई है। यह दोनों निहाल विहार और अंबिका एनक्लेव, नांगलोई के रहने वाले हैं। डीसीपी जिमी चिराम ने बताया कि 24 जून को पश्चिम विहार वेस्ट थाना इलाके में लूट के मामले की एक शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई थी। उस मामले में छानबीन के लिए एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम को लगाया गया था। उसके बाद एसीपी ऑपरेशन नरेंद्र खत्री की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, सब इंस्पेक्टर दीपक की टीम ने सीसीटीवी फुटेज से मामले की छानबीन शुरू की। फिर इन दोनों बदमाशों तक पहुंचने में कामयाब रही। एक स्पेसिफिक सूचना पर पुलिस टीम ने निहाल विहार इलाके में छापा मारा और इन दोनों को धर दबोचा।

## दरभंगा बिहार में दंगे और हत्या के मामले में था वांटेड

- पुलिस से बचने दिल्ली में ली शरण, क्राइम ब्रांच ने दबोचा

**संवाददाता**



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दरभंगा बिहार में दंगे और हत्या के मामले में वांटेड एक आरोपी को अरेस्ट किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद आफताब (32) के तौर पर हुई, जिसके पास से एक बाइक भी मिली। यह बाइक नबी करीम इलाके से चुरायी गई थी।

क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने बताया आरोपी के बारे में मिले इनपुट के बाद मोती बाग रोड माता मंदिर के पास ट्रैप लगाकर उसे पीछा कर डीसीपी राकेश पावरिया की देखरेख में एसीपी पंकज अरोड़ा की टीम के द्वारा पकड़ा गया। उस वक्त वह बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली बाइक पर सवार होकर मोती बाग फ्लाई ओवर की ओर जा रहा था। आरोपी ने पूछताछ में बताया वह मणि गाछी, वाजिदपुर जिला दरभंगा बिहार में दर्ज दंगे और हत्या के मामले में शामिल रहा है।

यह घटना साल 2021 की है। एक ही समुदाय के दो समूह के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। वह इस केस का मुख्य आरोपी है। मामले में तेरह लोगों को पहले ही पकड़ा जा चुका था, जबकि मोहम्मद आफताब पुलिस से बचता फिर रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सम्बंधित थाने की पुलिस को सूचना दे दी गई। आरोपी दंगे और हत्या की वारदात के बाद पकड़े जाने से बचने के लिए दिल्ली आ गया था। यहां वह एक स्थानीय राजनीतिक नेता के साथ जुड़कर कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा था।

## निहाल विहार में लगातार कर रहा था वारदात

**संवाददाता**

निहाल विहार थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तीन चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। यह पहले से 6 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से तीन मामलों का खुलासा करने का पुलिस ने दावा भी किया है। डीसीपी आउटर जिम्मी चिराम के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुमित कुमार के रूप में



हुई है, यह चंदन विहार का रहने वाला है। यह निहाल विहार इलाके में भी कई वारदात को अंजाम दे चुका है। इसे एसएचओ निहाल बिहार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, हेड कांस्टेबल प्रवीण और कांस्टेबल कामराज की टीम ने लक्ष्मी पार्क इलाके के पास से पकड़ा है। पुलिस के अनुसार 24 जून को एक सूचना मिली थी जिसमें घर के अंदर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। उसी मामले में छानबीन करती हुई पुलिस टीम इस आरोपी तक पहुंची। बरामद किए गए तीनों मोबाइल निहाल विहार थाना इलाके से ही चुराए गए थे।

## दिल्ली पुलिस में शामिल 1353 नए पुलिसकर्मी

**संवाददाता**

दिल्ली के झरोदा कला स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में आज एक बड़े पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1355 नए पुलिसकर्मी इस परेड में शामिल हुए। जिन्होंने दिल्ली पुलिस अकादमी में अपनी अपनी ट्रेनिंग पूरी की है। इनमें से 1353 पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस के अलग-अलग पदों पर भर्ती हुए हैं। जबकि दो पुलिसकर्मी दमन एवं दिउ पुलिस के हैं, उनकी ट्रेनिंग भी दिल्ली पुलिस अकादमी में हुई है।

आज लगभग 4000 लोगों के बीच इस बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने मार्चिंग दस्ता



की सलामी ली। आए हुए लोगों में कई पुलिस ऑफीसरों के अलावा, ट्रेंड हुए पुलिसकर्मी के परिवार वाले और इस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जो पुलिसकर्मी यहां ट्रेंड हुए हैं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी, ऑनलाइन क्राईम के अलावा 1 जुलाई से लागू होने जा रहे नए कानून को लेकर भी पूरी जानकारी दी गई है और उन्हें ट्रेंड किया गया है। इन 1355 पुलिसकर्मियों में से 92 पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई कर चुके हैं। जबकि 1000 पुलिसकर्मी ग्रेजुएट हैं। जॉइंट डायरेक्टर आसिफ मोहम्मद अली ने इस कार्यक्रम में ओपनिंग स्पीच दी और डिप्टी डायरेक्टर - 1जितेंद्र मणि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर भवानी सिंह राठौड़ भी शामिल हुए। इस अवसर पर स्पेशल पुलिस कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने संबोधित करते हुए कई तरह की नई जानकारियां दी और भर्ती हुए सभी नए पुलिसकर्मी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। अलग-अलग प्रतियोगिता में बेस्ट परफोर्मेंस देने वाले पुलिसकर्मी को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## डॉ विजय का अभिनन्दन समारोह





- पेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन दिल्ली ने डॉ. विजय कुमार के भारतीय पशु चिकित्सा परिषद का सदस्य चुने जाने पर उनके लिए शैक्षिक सेमिनार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

पेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन दिल्ली ने डॉ. विजय कुमार के भारतीय पशु चिकित्सा परिषद का सदस्य चुने जाने के उपलक्ष्य में इंवाइटी बैंक्वेट, कीर्ति नगर, नई दिल्ली, 110015 में एक शैक्षिक सेमिनार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। उडश्अर, लढअव, पालमपुर में सर्जरी विभाग और पशु चिकित्सा क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स के प्रमुख डॉ. आदर्श कुमार इस सेमिनार में अतिथि वक्ता थे। उन्होंने एक प्रेरक वार्ता के साथ-साथ पालतू जानवरों में एनेस्थीसिया और पालतू पशुओं में खांसी के खास निदान पर सेमिनार लिया। इस सेमिनार में इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन, स्मॉल एनिमल वेटरनरी एसोसिएशन दिल्ली, दिल्ली वेटरनरी एसोसिएशन, पेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ यूपी, स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ गुरुग्राम, पीएलआरसी, और एनवीएफ सहित दिल्ली एनसीआर के सभी संघों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस शैक्षिक सेमिनार में लगभग 150 पशु चिकित्सकों ने भाग लिया और अभिनंदन समारोह में 250 से अधिक पशु चिकित्सकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के सभी कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे, जैसे कि अध्यक्ष भूपेन्द्र चहल, संयुक्त सचिव डॉ. विक्रांत जैन, समन्वयक सीई डॉ. सुनीता नौरियाल, कोषाध्यक्ष डॉ. संजीव काकोटी और कार्यकारी सदस्य डॉ. इंदर सिंह, और उन्होंने इस सेमिनार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। सभी प्रतिनिधियों, अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों ने इस समारोह की बहुत तारीफ की।

## विधायक अजय महावर ने किया लगभग एक करोड़ की लागत से गढ़ी मेंडू की 13 गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

घोंडा विधायक व मुख्य सचेतक-प्रतिपक्ष अजय महावर ने गढ़ी मेंडू की सभी 13 गलियों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास। आपको ज्ञात दिला दें की विधायक अजय महावर ने गढ़ी मेंडू में केंद्र सरकार द्वारा प्रदत की गैस लाइन को डालने के कार्य को पूर्ण करवाया व जिन गलियों में सीवर लाइने नहीं थी उनमें सीवर लाइन डलवाने के साथ घरों में सीवर कनेक्शन को सुनिश्चित किया। गढ़ी मेंडू में 13 गालियां हैं जिनका निर्माण में लगभग 1 करोड़ की लागत



से किया जाएगा। फ्लड कंट्रोल एन्ड इर्रिगेशन विभाग द्वारा ग्राम विकास निधि से इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा।

इस अवसर पर रामराज तिवारी, भुवनेश सिंघल, राजसिंह रज्जू, सुंदर लोहिया, विजय चौधरी, योगेंद्र राजौरा, मुन्नीलाल तिवारी, नरेंद्र मोरल, लक्ष्मी, राम अवतार शर्मा के साथ अनेक ग्राम निवासी रहे।

## परिधान उत्पादन उद्योग डिजिटलीकरण से दे रही कर्मचारियों को आवाज

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

भारत के श्रम बल में 80 प्रतिशत शारीरिक श्रम करने वाले कामगार हैं। इनमें से 4.5 करोड़ श्रमिक परिधान और कपड़ा उद्योग में हैं। यह व्यावसायिक क्षेत्र महत्वपूर्ण रोजगार प्रदान करके देश के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में महत्वपूर्ण योगदान करता है। फिर भी, इस उद्योग को लगभग हर महीने 10% की उच्च एट्रिशन रेट यानी कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की समस्या झेलनी पड़ रही है। इससे कंपनियों के लिए लागतें बढ़ जाती हैं। भारत की सबसे बड़ी कपड़ा बनाने वाली कंपनी, शाही एक्सपोर्ट्स और श्रमिक अनुसंधान संगठन, गुड बिजनेस लैब (जीबीएल) ने इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए सहयोग किया है। उनके रिसर्च से पाया गया है कि जिन कामगारों को अपनी बात रखने का अवसर दिया गया, उनके कंपनी छोड़ने की संभावना 20% कम थी, जिससे टर्नओवर और अनुपस्थिति में काफी कमी आई। करीब 68% कपड़ा कामगार बदले की कारवाई के डर से, भाषाई रुकावट, और दूसरे कारणों से अपनी चिंता नहीं बताते हैं, जो उनकी असंतुष्टि का कारण हो सकती है। डिजिटल साधनों से, जो बिना नाम के और डिजिटल होते हैं, दोतरफा संवाद में आसानी होती है और इससे यह अंतर मिट सकता है। उदाहरण के लिए, सुझाव पेटी हालांकि नाम रहित होती है, लेकिन उनसे कामगारों को समाधान का पता करने की सुविधा नहीं रहती है और इस कारण से कर्मचारी अनसुना महसूस कर सकते है। जीबीएल द्वारा विकसित इनाचे एक अनूठा चैनल है जो मौजूदा प्रणालियों को और बेहतर बना सकता है। इनाचे से कर्मचारियों और श्रमिकों को गुमनाम रहते हुए सीधे एचआर या सीनियर अफसरों के साथ फीडबैक साझा करने में सुविधा होती है। शाही एक्सपोर्टस में प्रायोगिक रूप से लागू यह प्रणाली फोन कॉल और टेक्स्ट मैसेजेज को इनेबल करती है, श्रमिकों को सशक्त बनाती है और कारखाने की गतिशीलता में सुधार करती है। यह गुमनामी और सुलभता सुनिश्चित करके साधारण फोन कॉल्स के द्वारा डिजिटल विभाजन को जोड़ती है। इनाचे पर अनेक क्षेत्रीय भाषायें, जैसे हिंदी, कन्नड़, अंग्रेजी, ओड़िआ आदि उपलब्ध हैं। यह फीडबैक प्रक्रिया को सरल बनाता है और अभिव्यक्ति की बाधाओं को समाप्त करता है। इनाचे जैसे साधनों से कर्मचारी और प्रबंधन, दोनों को लाभ होता है। यह फैक्ट्री की एचआर टीमों के लिए संचार प्रक्रिया को डिजिटाइज करता है और श्रमबल की समस्याओं की वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करता है। एक मुक्त फीडबैक वातावरण को प्रोत्साहन देकर और इनाचे जैसे मानव-केन्द्रित साधनों का प्रयोग करके व्यावसायिक संगठन प्रभावकारी रूप से कर्मचारियों की चिंताओं को हल कर सकते हैं, जिससे उनकी तंदुरुस्ती और शॉप फ्लोर की गतिशीलता में सुधार होगा। इस दृष्टिकोण से ज्यादा पारदर्शी सप्लाई चेन में मदद मिलती है, जो उन्नति और सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति का पोषण करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## काली बस्ती के पास चोरी की स्कूटी के साथ दबोचा

**संवाददाता**

उत्तम नगर थाना की पुलिस टीम ने चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसप्रीत उर्फ विक्की के रूप में हुई है। यह जनता फ्लैट, हस्तसाल का रहने वाला है। पहले से कई मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद किया है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि एसएचओ राजेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश कुमार की टीम ने इस आरोपी को बारे में जानकारी इकट्ठा करके फिर इसको काली बस्ती के पास से पकड़ा। तलाशी में इसके पास से हथियार बरामद किए गए और जांच में स्कूटी चोरी की निकली। आगे की छानबीन की जा रही है।

## मोबाइल टैरिफ की तर्ज पर बिजली कंपनी चुनने का विकल्प मिले - पम्मा

- पम्मा के 30 वर्षों कार्य के ऊपर गाने का पोस्टर रिलीज
- समाज के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूंगा - परमजीत सिंह पम्मा

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

बिजली कंपनियां व प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एंग्री मैन परमजीत सिंह पम्मा सड़कों पर उतरकर इनका विरोध प्रदर्शन करेंगे परमजीत सिंह पम्मा अपने संघर्ष के 30 वर्ष होने पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे इस अवसर पर पम्मा के किए गए 30 वर्षों के कार्य के ऊपर एक गाने का पोस्टर भी रिलीज किया गया जिस गाने को मशहूर युवा गायक रोहन ने गया है और इसे प्रसिद्ध लेखक बलविंदर सिंह सोढ़ी ने लिखा है इस गाने के बोल है खरी खरी बातों से पम्मा कभी डरता नहीं इस अवसर पर गायक रोहन. प्रसिद्ध लेखक बलविंदर सिंह सोढ़ी, मशहूर सिंगर सुरेखा रॉबिन, नेशनल अकाली दल दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह, युवा नेता विक्रांत, गुरसिमरन कौर को सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। यह पम्मा के कार्यों के ऊपर गया गया नौवें गीत है

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने



कहा उनका संघर्ष 30 वर्षों से समाज के हित में कार्य कर्ता आया हूं और आगे भी समाज के हितों की आवाज उठाता रहूंगा और कार्य कर्ता रहूंगा।

परमजीत सिंह पम्मा ने कहा एक तरफ तो दिल्ली सरकार फ्री बिजली देने का व बच्चों को शिक्षा देने का दावा करती है और दूसरी तरफ बिजली कंपनी द्वारा लोगों को अनाप-शनाप बिजली बिल वसूल रही है और सरकार मुंह दर्शक बनकर बैठी है।

पम्मा ने कहा सरकार को बिजली कंपनियों व प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ लगाम लगानी चाहिए

पम्मा ने सरकार से कहा कि ऐसी स्कीम की घोषणा करें जिससे टेलीफोन, मोबाइल प्रदाता कंपनियों की तरह बिजली वितरण कंपनी (डिस्काम) को चुनने का विकल्प होना चाहिए जिससे बिजली कंपनियों की मनमानी रुक सके। पम्मा ने कहा पहले मोबाइल कंपनियां को आउटगोइंग कॉल्स के लिए जहां 16 रुपए प्रति मिनट की दर से चुकाने होते थे वहीं इनकमिंग कॉल के लिए 8 रुपए तक चुकाने होते होते थे मगर अब ज्यादा कंपनियां होने के कारण आपसी कंपटीशन इतना बढ़ गया है कि सस्ती से सस्ती स्कीम में लाकर ग्राहकों को अपनी ओर लुभाने के लिए लगे हुए हैं। इसी प्रकार बिजली कंपनियां में भी अन्य कंपनियां आ जाएगी तो ग्राहकों को सस्ती और बढ़िया सर्विस मिलेगी।

नेशनल अकाली दल महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन ने बताया महिला विंग की ओर से 14 जुलाई को पम्मा जी के 30 वर्ष के पूरे होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें यह गाना रिलीज किया जाएगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में समाज के हितों में कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

## एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा का ट्रेलर आउट, साबरमती ट्रेन दुर्घटना से पर्दा उठाएगी

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

साबरमती ट्रेन दुर्घटना पर लंबे समय से चली आ रही कहानियों और धारणाओं को चुनौती देने वाली फि ल्म एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा का ट्रेलर जी म्यूज़िक ने सोशल मीडिया पर रिलीज किया हैं फि ल्म के मेकर्स का दावा है कि एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधराह्न साबरमती ट्रेन दुर्घटना के पीछे की सच्चाई देश के सामने उजागर करेगी। गुजरात के गोधरा के २२ साल पहले हुए इस अमानवीय घटना के पीछे की साजिश की परतों का पता लगायेंगी ।

ट्रेलर की शुरूआत में ट्रेन पर एक बेहद भयावह हमले से होती हैं आग लपटों के बीच जलते निर्दोष लोगो की चीखो के धीमे पड़ते शोर के बीच में एडवोकेट के किरदार में रणवीर शौरी कहते हैं साबरमती ट्रेन को जलाया नहीं गया बल्कि उनको जलने दिया गया। बाहर एक महिला मीडिया को इंटरव्यू में सवाल करती हजारो लोगो का मर्डर , गैंगरेप यह साजिश नहीं हैं तो और क्या हैं ।

रणवीर शौरी अपनी दलील को पूरे जोर के साथ रखते हुए कहते हैं की यह प्रशासन सिर्फ.एक कहानी बना रहा हैं अपनी गैर जिम्मेदारी को छुपाने के लिए । जब अटैक हुआ तो आरपीएफ कहा था गलती से जब उस ट्रेन में आग लग गई तो फायर ब्रिगेड कहाँ था योर



ऑनर साबरमती ट्रेन की घटना कोई साजिश नहीं थी । इस दलील के जवाब में मनोज जोशी कहते हैं की साबरमती ट्रेन एक्सीडेंट एक साजिश थी । उनकी कापती आवाज चलती ट्रेन के शोर में गुम हो जाती हैं ट्रेलर के इस हिस्से में बीच में एक सवाल उठता है की आखिर साबरमती ट्रेन पर ही हमला क्यों किया गया। ट्रेलर के दूसरे हिस्से में बहुत इमोशनल दृश्य हैं पत्नी को करते ट्रेन पर पहुँचाने आये पति को देखकर अभिनेत्री देनिशा घूमरा कहती हैं विदा तो ऐसे कर रहे हो जैसे हमेशा के लिए जा रही हूँ । मासूम और निर्दोष लोग आग की लपटों में जलते देखे जा सकते हैं ट्रेलर के अंत में लोकप्रिय गुजराती एक्टर हितु कनोडिया का किरदार एक सवाल करता हैं लोग मारे गये किसी एक का नाम भी जानते हैं । फि ल्म का ट्रेलर एक बहुत बड़े सवाल के साथ खत्म होता हैं । ट्रेन में जलते मासूम लोगों की चीखें और इमोशनल दृश्य फ्रिज हो जाते हैं

ओम त्रिनेत्र फिल्म्स के बैनर तले निर्मित इस फिल्म में रणवीर शौरी, मनोज जोशी, हितू कनोडिया , डेनिशा घुमरा अक्षिता नामदेव, गणेश यादव और राजीव सुरती जैसे कई कलाकार नजर आयेंगे । यह फिल्म नानावती मेहता आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे घटना की जांच का काम सौंपा गया था। पहली बार कोई बॉलीवुड फि ल्म हैं जो एक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एक घटना की सच्चाई दर्शकों के सामने दिखायेगी।

युवा निर्देशक एम.के. शिवाक्ष का कहना है, गोधरा के निर्देशक के रूप में मेरा लक्ष्य हमेशा घटना के पीछे की सच्चाई पर सामने लाना हैं । इस फिल्म के माध्यम से मैंने दर्शकों के सामने गोधरा कांड की जटिलता और गहराई को बताने का प्रयास किया है। फि ल्म किसी जाति संप्रदाय को टारगेट नहीं कर रही हैं फि ल्म एक ऐसी घटना की परतों को खोल रही हैं जिसे अपने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया गया हैं और आज तक लोगो को गुमराह रखा गया। निमार्ता बी.जे. पुरोहित गोधरा ने कहा, अब दर्शक साबरमती ट्रेन दुर्घटना की सच्चाई को पर्दे पर देख पाएंगे । इस फि ल्म के जरिए हम कारसेवकों को श्रद्धांजलि देते हैं आखिर निर्दोष बच्चों, औरतों और वृद्ध लोगो को ट्रेन में क्यों जिंदा जला दिया गया । आखिर क्यों दशकों तक अदालत में यह बहस होती रही है कि साबरमती ट्रेन दुर्घटना थी या फिर साज़िश थी इस सब के पीछे क्या सच्चाई थी कौन लोग थे एक्सीडेंट ऑर कांस्पिरेसी गोधरा एक ऐसी फिल्म है जो भयावह ट्रेन हमले की गहराई से जांच करती है, यह फिल्म दर्शकों को उस दुखद अतीत पर सोचने के लिए मजबूर करती हैं जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला इस फिल्म का टीजर आते ही मीडिया में चर्चा शुरू हो गई थी। सेंसर को लेकर कई प्रकार की बाधाओं की वजह से भी फिल्म सुर्खियों में रही है। सेंसर बोर्ड ने कई स्टेज पर परीक्षण करने के लिए निमार्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा । फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है और 12 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। हिन्दी के साथ ही फि ल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और

## पूरा सिस्टम लगा है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाए :सुनीता

नई दिल्ली।अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी भी केंद्र सरकार और भाजपा पर हमलावर हो गई है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सीएम की गिरफ्तारी को तानाशाही वाला कदम बताया है। सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 20 जून को अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली। ईडी ने तुरंत हाईकोर्ट जाकर रोक लगवा दी। अगले ही दिन सीबीआई ने आरोपी बना दिया और आज गिरफ्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाए। ये कानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। केजरीवाल की बढ़ रही मुश्किलें अरविंद केजरीवाल दिल्ली की आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। अब उन्हें बुधवार को सीबीआई ने भी गिरफ्तार किया है। वह अभी तक जमानत पर बाहर आने का हर संभव प्रयास कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें राहत मिलती हुई नहीं दिख रही है। साढ़े चार बजे आएगा फैसला सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को कोर्ट में पेश किया और रिमांड मांगी है। कोर्ट ने दोनों की दलीले सुनने के बाद आदेश सुरक्षित कर लिया है।

## ऑनलाइन गेमों के जरिए बच्चों का भविष्य बिगड़ने की विदेशी ताकते कर रही है साजिश - पम्मा व रोजी वरमानी

### मल्टी एजुकेशन पॉइंट का वार्षिक समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में मल्टी एजुकेशन पॉइंट का वार्षिक समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रोजी वरमानी तथा कुमारी दीपाली वरमानी ने मिलकर किया । मुख्य अतिथि नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष व एंग्री मैन सरदार परमजीत सिंह पम्मा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति तथा इंटरनेट गेम्स से दूर रहने की सलाह दी । पम्मा ने विद्यार्थियों को अपने हाथ से अवार्ड तथा सर्टिफि केट्स देकर पुरस्कृत किया । इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि गण श्रीमती अचला मनोचा , अंजू शर्मा , रशमीत कौर बिंद्रा , सुनीता अरोड़ा , आफरीन , सपना राज , सुमन तोमर , ज्योति शर्मा , उषा अरोड़ा , मोहिनी सचदेवा , तजिन्दर सिंह सोढ़ी तथा अन्य कई संस्थाओ से आये हुए साथियों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित





किया । इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व रोजी वरमानी ने कहा बड़े दुख की बात है जो मोबाइल सुविधा के लिए आया था वही आज बच्चों के लिए खतरनाक बनता जा रहा है क्योंकि बच्चे मोबाइल में ऑनलाइन गेम में खेलने के कारण ना ही अन्य गतिविधियां कर पा रहे हैं और ना ही पढ़ पा रहे हैं। कई बच्चे तो ऑनलाइन गमों के कारण आपराधिक घटनाएं भी कर चुके हैं। पम्मा ने कहा आने वाले समय में इन गमों के कारण बच्चे ना तो खिलाड़ी बन पाएंगे ना व्यापारी बन पाएंगे ना कलाकार बन पाएंगे ना किसी प्रकार की गतिविधियां कर पाएंगे। यह एक ऐसा नशा है जो बच्चों को डिप्रेशन की ओर ले जा रहा है। यह विदेशी ताकतों की साजिश है जो हमारे बच्चों का भविष्य बिगाड़ कर हमें फिर से गुलाम बनाना चाहती हैं।

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कल्चर कार्यक्रम करके लोगों का मन मोह लिया और भांगड़ा और गिद्दे ने तो सबको नाचे पर मजबूर कर दिया।




# बैड न्यूज के ट्रेलर की रिलीज डेट का खुलासा

विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की बैड न्यूज साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बीते दिन यानी सोमवार 24 जून को कलाकारों ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बारे में अपडेट के साथ प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए एक वीडियो जारी किया। इस बीच उस उत्साह को आसमान तक पहुंचाते हुए अब निर्माताओं ने इसके ट्रेलर की रिलीज की तारीख की घोषणा की है। इसके साथ ही फिल्म के कलाकारों के नए पोस्टर भी साझा किए हैं।

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आगामी फिल्म बैड न्यूज से मुख्य तिकड़ी का एक नया-लुक पोस्टर साझा किया। इसके अलावा प्रशंसकों को विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के किरदारों का भी खुलासा किया गया।

फिल्म में विक्की कौशल अखिल चड्ढा, तृप्ति डिमरी सलोनी और एमी विर्क गुरबीर पाजी का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

विक्की कौशल पोस्टर में भांगड़ा स्टेप करते हुए दिखाई देते हैं। उसके बाद तृप्ति ग्लैमर का तड़का लगाती हैं। वहीं, एमी का किरदार एक किलर वाली मुस्कान देता है। इसके साथ ट्रेलर की रिलीज की तारीख का भी खुलासा किया गया। यह बताया गया कि बैड न्यूज का ट्रेलर इस हफ्ते शुक्रवार को यानी 28 जून को रिलीज होगा।

# इस बीमारी से जूझ रहीं अनुष्का शेट्टी



बाहुबली अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी ने खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ हंसी की बीमारी से पीड़ित हैं। इस स्थिति को हंसी की बीमारी के रूप में जाना जाता है, जबकि चिकित्सकीय रूप से इसे स्यूडोबुलबार प्रभाव कहा जाता हैं। यह अचानक और बेकाबू हंसी या रोने की घटनाओं की स्थिति होती है, अनुष्का ने अपनी इस बीमारी का खुलासा कियां। उन्होंने कहा कि मुझे हंसी की बीमारी है, आप सोच सकते हैं कि क्या हंसना एक समस्या है? मेरे लिए यह एक समस्या हैं। अनुष्का ने आगे कहा कि अगर मैं हंसना शुरू करूं तो मैं 15 से 20 मिनट तक नहीं रुक सकतीं। कॉमेडी सीन देखते या शूट करते समय मैं सचमुच हंसते-हंसते फर्श पर लोट-पोट हो जाती हूं और कई बार शूटिंग रोकनी पड़ी हैं।



# दिल टूटा तो सीखा रिश्ते में क्या नहीं चाहिए

अपनी वेब सीरीज मामला लीगल है में शानदार ऐक्टिंग के लिए वाहवाही बटोर चुकीं ऐक्ट्रेस नायला ग्रेवाल फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड में नजर आ रहीं हैं। फिल्म में आज के जमाने के टिंडर वाले प्यार का फलसफा सिखा रहीं नायला खुद शाहरुख-काजोल वाले प्यार में भरोसा रखती हैं। उनका कहना है कि उनकी पीढ़ी शाहरुख-काजोल वाले रोमांस और आज के डेटिंग ऐप्स वाले जमाने के बीच फंस गई है।

## शाहरुख-काजोल और टिंडर वाले रोमांस के बीच अटक गए

बकौल नायला, हमने वो शाहरुख खान, काजोल, रानी मुखर्जी वाला रोमांस देखा है कि स्लो मोशन में बाल उड़ेंगे, वे आपको बाहों में समेट लेंगे तो हमें प्यार के वही मायने समझ में आते हैं, जबकि आज टिंडर और डेटिंग ऐप्स पर प्यार हो रहा है। ऐसे में, हम इन दोनों दुनिया के बीच में कहीं अटक गए हैं। हमें पता है कि यह डेटिंग ऐप्स का जमाना है और हम भी इसी जमाने का हिस्सा हैं पर बचपन से हम शाहरुख-काजोल वाला रोमांस देखते आए हैं तो हम बीच में फंस गए हैं। मगर आज रिश्तों में सिचुएशनशिप, जहां आप रिलेशनशिप में हैं पर कंफ्यूज हैं और रीबाउंड, जिसमें आप एक रिश्ते से निकले नहीं कि दूसरे में घुस गए, ऐसी चीजें हो रही हैं। हम भी इन्हें समझ और सीख रहे हैं।

## मैं किसी के बिना अधूरी नहीं

क्या नायला खुद कभी दिल टूटने के दर्द से गुजरी हैं? यह पूछने पर वह बताती हैं, हां, मुझे लगा था कि मेरे साथ ऐसा नहीं होगा पर मेरा भी दिल टूटा है। लेकिन इस हार्ट ब्रेक के बाद मुझे ये पता चल गया कि मुझे एक रिलेशनशिप में क्या नहीं चाहिए। उस वाकये से मैंने सीखा कि मैं किसी के बिना अधूरी नहीं हूं। मैं खुद में पूर्ण हूं। मुझे खुद को कंप्लीट करने के लिए कोई नहीं चाहिए। यह अहसास आपको तब होता है, जब आपको खुद से प्यार हो जाता है। इसलिए, अब मुझे किसी ऐसे रिश्ते में नहीं घुसना, जहां वो मेरी इनसिक्योरिटीज को दूर करे या मुझे पूर्ण महसूस कराए। मुझे लगता है कि अगर आप खुद में कंप्लीट हैं और आपकी एनर्जी पॉजिटिव है तो अच्छे इंसान आपके प्रति आकर्षित होते हैं।



# महाराज में सरप्राइज फैक्टर कहलाना मेरे लिए खुशी की बात

**हाल ही में रिलीज हुई फिल्म महाराज में एक्टर जुनैद खान के साथ काम कर रहीं एक्ट्रेस शरवरी ने कहा कि वह अपने आप को सरप्राइज फैक्टर मानकर खुश हैं। फिल्म में अतिथि भूमिका निभाने वाली शरवरी ने कहा कि मैं यह पढ़कर बहुत रोमांचित हूं कि लोग मुझे महाराज का एक बड़ा सरप्राइज फैक्टर कह रहे हैं। एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी हर भूमिका और फिल्म के जरिए दर्शकों पर एक खास प्रभाव डालना चाहती हूं, इसलिए मैं किसी फिल्म में सरप्राइज फैक्टर होने के लिए सभी तारीफों को खुशी और विनम्रता से स्वीकार करूंगी।**

एक्ट्रेस ने कहा कि इस बात का मतलब यह है कि मेरे प्रदर्शन ने एक बड़ा प्रभाव छोड़ा है। मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करती हूं। मैं अपनी हर फिल्म को कुछ बड़ा और बेहतर करने के तौर पर देखती हूं। शरवरी बेहद खुश हैं। एक ही महीने में मुंज्या और महाराज रिलीज हुई है। एक्ट्रेस ने कहा कि पेशेवर तौर पर यह महीना मेरे लिए बहुत बढ़िया रहा है। अपने करियर की दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्म मुंज्या मिलना वाकई में ही एक अद्भुत एहसास है। दिलचस्प बात यह है कि लोगों को फिर से लगा कि मैं फिल्म का सरप्राइज फैक्टर हूं और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आगे कहा, इसके अलावा महाराज के लिए मुझे जो प्यार मिल रहा है, वह भी एक अविश्वसनीय एहसास है। किसी भी फिल्म में सरप्राइज फैक्टर कहलाना एक बहुत बड़ी तारीफ है। शरवरी अगली बार मशहूर फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी फिल्म वेदा में नजर आएंगी। उन्हें आदित्य चोपड़ा की स्पाई वर्स में आलिया भट्ट के साथ भी कास्ट किया गया है। शरवरी ने कहा कि वह अपने हर किरदार में कुछ अलग लाने के लिए बहुत मेहनत करती हैं और उनके लिए मान्यताएं बहुत फायदेमंद हैं। उन्होंने कहा कि यह मुझे और अधिक मेहनत करने तथा हर बार स्क्रीन पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। महाराज एक पीरियड ड्रामा है, जो स्वतंत्रता-पूर्व भारत पर आधारित है और इसमें एक महाराज की कहानी दिखाई गई है। यह फिल्म एक निडर पत्रकार और समाज सुधारक करसनदास मुलजी के ऐतिहासिक मामले के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वल्लभाचार्य संप्रदाय की शक्तिशाली धार्मिक स्थापना के खिलाफ खड़े हुए थे।

# द इनविंसिबल्स के दूसरे सीजन के साथ लौट रहे अरबाज खान



बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अरबाज खान इन दिनों अपने चैट शो द इनविन्सिबल्स विद अरबाज खान की वजह से सुर्खियों में हैं। वह नए सीजन के साथ कमबैक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिनेमा सिर्फ एंटरटेनमेंट के बारे में नहीं है, यह एक कहानीकार का सपना है। उन्होंने कहा कि द इनविंसिबल्स मेरे लिए यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि ये सपने कभी न भुलाए जाएं। पिछले सीजन में लेजेंडरी स्क्रीन राइटर सलीम खान, डायरेक्टर महेश भट्ट, हेलेन, जावेद अख्तर, वहीदा रहमान, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे हस्तियां शो में शामिल हुई थीं। दूसरे सीजन में डेविड धवन, शबाना आजमी, आशा पारेख, सुभाष घई, रमेश सिप्पी और प्रेम चोपड़ा जैसे दिग्गज नजर आएंगे। अरबाज ने कहा कि यह सीजन उनके पैशन, उनके टैलेंट और स्क्रीन पर उनके द्वारा बनाए गए जादू को सेलिब्रेट करता है। यह उन कलाकारों के साथ एक खास बातचीत है, जो कहानीकारों को प्रेरित करते हैं और बताते हैं कि उन्होंने जो किया वह कैसे किया। अरबाज की बात करें तो उनके लेटेस्ट प्रोडक्शन में विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित कानूनी ड्रामा पटना शुक्ला शामिल है। इसमें रवीना टंडन, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, सतीश कौशिक, अनुष्का कौशिक और जतिन गोस्वामी हैं। अरबाज सुधीर मिश्रा और सचिन कृष्ण द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर सीरीज तनाव में भी नजर आए थे। सीरीज में मानव विज, दानिश हुसैन, एकता कौल, एम.के. रैना, रजत कपूर, सत्यदीप मिश्रा, शशांक अरोड़ा, सुमित कौल, सुखमनी सदाना, वलूशा दे सूसा और जरीना वहाब भी हैं।



# रजनीकांत के साथ नजर आएंगे सलमान खान

**2023 की सबसे कामयाब और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान डायरेक्ट करने वाले एटली ने अपकमिंग फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। एटली की इस फिल्म में सुपरस्टार सलमान खान लीड रोल में हैं। अब इस पैन इंडिया प्रोजेक्ट में साउथ सुपरस्टार थलाइवा रजनीकांत भी जुड़ रहे हैं। ये पहली बार है जब सलमान खान और रजनीकांत किसी फिल्म में साथ काम करेंगे।**

## जुलाई में मीटिंग करेंगे सलमान-रजनीकांत

हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान और रजनीकांत जल्द ही इस फिल्म के सिलसिले में मुलाकात करने वाले हैं। रिपोर्ट में लिखा गया है, सन पिक्चर द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा और उनके सुपरस्टार रजनीकांत से परिवार जैसे रिश्ते हैं। दूसरी तरफ एटली, पिछले 2 सालों से सलमान खान से संपर्क में हैं। वो लोग सलमान खान और रजनीकांत को ऑनबोर्ड लाने पर कॉन्फिडेंट हैं। फिल्म के सिलसिले में रजनीकांत और सलमान अगले महीने मीटिंग करेंगे।

## सिकंदर के बाद सलमान खान शुरू करेंगे एटली की फिल्म

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान अपकमिंग फिल्म सिकंदर की शूटिंग खत्म करने के बाद एटली की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। वहीं दूसरी तरफ रजनीकांत भी फिल्म कूली में व्यस्त हैं। वो कूली के बाद अपनी डेट्स देंगे। इस कॉम्बिनेशन को कई जनरेशन याद रखेंगी। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। अनुमान है कि साल के आखिर तक टाइटल रिवील किया जाएगा।





# टीवी में कहानी पहले 30 से 40 एपिसोड के बाद खत्म हो जाती है, उसके बाद सिर्फ बिजनेस चलता है

**इमली फेम एक्टर गश्मीर महाजनी डिज्नी प्लस हॉटस्टार की रिवेंज ड्रामा सीरीज गुनाह को लेकर काफी चर्चा में हैं। गश्मीर ने कहा- टीवी शो डेली वेज वर्कर्स को घर चलाने के लिए सहारा देते हैं तो टीवी की भी बहुत अहमियत है लेकिन एक वक्त के बाद वहां रट्टा मार चीजें ही चलती हैं, जिसको हम छापाखाना बोलते हैं। मराठी सिनेमा के अवॉर्ड विनिंग ऐक्टर गश्मीर महाजनी टीवी पर इमली जैसे हिट शो से लोगों का दिल जीत चुके हैं। इन दिनों वह डिज्नी प्लस हॉटस्टार की रिवेंज ड्रामा सीरीज गुनाह के लिए सुर्खियों में छाए हैं। वहीं वह रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर भी चर्चा में हैं। फिल्म, टीवी, ओटीटी हर जगह चौतरफा बैटिंग कर रहे गश्मीर से हमने की खास बातचीत।**

**आप फिल्म, टीवी, ओटीटी सभी माध्यमों में लगातार सक्रिय हैं। आपको खुद कहां ज्यादा मजा आता है?**

मुझे फिल्में और ओटीटी करना सबसे ज्यादा पसंद है। दरअसल, कई कहानियां ऐसी होती है जो दो-तीन घंटे में बताना मुश्किल हो जाती है क्योंकि उसमें बहुत सारे किरदार होते हैं और हर किरदार का अपना एक ट्रैक और फ्लेवर होता है। पहले ऐसी कहानियां अगर फिल्म के खांचे में नहीं फिट हो पाई तो बन ही नहीं पाती थीं। अब ऐसी कहानियों के लिए ओटीटी आ गया है, जहां आप 8 से 10 एपिसोड की सीरीज बना सकते हैं। वहीं, टीवी बिजनेस है। टीवी में कहानी पहले 30 से 40 एपिसोड के बाद खत्म हो जाती है। उसके बाद सिर्फ बिजनेस चलता है, जहां पैसा सब कुछ होता है। लोगों का प्रोडक्शन हाउस है, जिसमें 300 लोग काम करते हैं तो उनका घर चलना चाहिए। टीवी शो डेली वेज वर्कर्स को घर चलाने के लिए सहारा देते हैं तो टीवी की भी बहुत अहमियत है लेकिन आप बोलो कि मैं वहां कहानी बताऊंगा तो आप 300 एपिसोड तक एक कहानी अच्छे से नहीं बता सकते। एक वक्त के बाद वहां रट्टा मार चीजें ही चलती हैं, जिसको हम छापाखाना बोलते हैं।

**मराठी सिनेमा में आपने काफी नाम कमाया है, पर हिंदी फिल्मों में वह कामयाबी नहीं दोहरा पाए। इसकी क्या वजह मानते हैं?**

देखिए, मराठी सिनेमा सिर्फ एक राज्य महाराष्ट्र तक सीमित है। जबकि, हिंदी सिनेमा का फलक़ बहुत बड़ा है। इसलिए, हिंदी की ऑडियंस से कनेक्ट करने में वक्त लगेगा। एक तो हमारी मंशा मराठी सिनेमा को पैन इंडिया बनाने की है, लेकिन हिंदी में भी हम लगे हुए हैं। वहां भी धीरे-धीरे काम बनेगा। आप देखो तो मराठी में मैं पिछले आठ साल से काम कर रहा हूं। जबकि, हिंदी में तीन-साढ़े तीन साल ही हुए हैं और तीन साल एक ऐसे इंसान के लिए बहुत कम है, जिसका इंडस्ट्री में कोई नहीं है। मेरा कोई रिश्तेदार तो प्रड्यूसर है नहीं, जो मेरे साथ फिल्में बनाए तो वो सही फिल्म मिलने और चलने में थोड़ा तो वक्त लगेगा। इस वक्त में मैंने टीवी, वेब, रिएलिटी शो सब किया, फिल्में भी 100 पर्सेंट होंगी।

**आजकल एंटी हीरो काफी चलन में हैं, जिसे लेकर लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया रहती है। जैसे, एनिमल का उदाहरण लें। आपकी इस बारे में क्या राय है?**

ये आपने दो अलग ही दुनिया का उदाहरण दे दिया। गुनाह और एनिमल दोनों की दुनिया बहुत ही अलग है। हां, मेरा किरदार एंटी हीरो जैसा है। लेकिन वो जो भी करता है, उसकी वाजिब वजह होती है। आप चाहते हैं कि वह अपने मकसद में सफल हो, भले ही कुछ चीजें समाज के हिसाब से गलत लगे। हमारे शो में एनिमल की तरह कोई हिंसा भी नहीं है। इसकी सबसे अच्छी बात जो मुझे पसंद है कि मेरी डेली सोप देखने वाली मां भी इसे एंजॉय करती हैं और कभी डेली सोप नहीं देखने वाला फिल्मों का शौकीन मेरा दोस्त भी इसे पसंद करता है।

**आपने झलक दिखला जा किया और अब खतरों के खिलाड़ी 14 कर रहे हैं। रिएलिटी शोज में क्या चीज आपको इंट्रेस्ट करती है?**

मैंने झलक दिखला जा किया क्योंकि मैं अपना डांस बेहतर करना चाहता था। वहां मुझे नए-नए इंटरनेशनल डांस स्टाइल सीखने को मिले। मैं वो अनुभव करना चाहता था, यादगार परफॉर्मेंस देना चाहता था। इसी तरह, मैंने खतरों के खिलाड़ी किया, क्योंकि मैं फिटनेस में वापस आना चाहता था। लगातार काम करने की वजह से मेरी फिटनेस थोड़ी पीछे छूट गई थी। खतरों के खिलाड़ी ने मुझे वापस अपनी फिटनेस पर काम करने को प्रेरित किया।

